<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–12.11.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों के लिए कल सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक डाले जाएंगे वोट।
2. दुर्गम क्षेत्रों में सबेरे सात बजे से शाम चार बजे तक ही डाले जायेंगे वोट।
3. शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध, निर्वाचन आयोग ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के लिए जारी किया एसओपी।
4. दूसरे चरण की 38 सीटों के लिए चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने इंडी गठबंधन पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का लगाया आरोप। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल तीसरी बार झारखंड के चुनावी दौरे पर। और
5. इंडी गठबंधन के नेताओं ने भी झोंकी ताकत, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने भाजपा पर किया पलटवार, गरीबों की अनदेखी का लगाया आरोप।

****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर कल सवेरे सात बजे से वोट डाले जायेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से चयनित ग्रामीण इलाकों के मतदान केन्द्रों पर शाम चार बजे तक वोट डाले जायेंगे, वहीं अन्य मतदान केन्द्रों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रविकुमार ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं।

****************

पहले चरण के विधानसभा चुनाव में 683 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में कोल्हान, पलामू और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कई कद्दावर नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, डा. रामेश्वर उरांव, रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ और बैद्यनाथ राम शामिल हैं। इनके अलावा पूर्व मंत्री सरयू राय, सीपी सिंह, कमलेश सिंह, रामचन्द्र चन्द्रवंशी, के0 एन0 त्रिपाठी, राधाकृष्ण किशोर, गिरिडीह सिंह, सुदर्शन भगत, समीर उरांव और अरूण उरांव समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पूर्व प्रादेशिक समाचार एकांश आकाशवाणी रांची की ओर से अब से थोड़ी देर बाद रात्रि आठ बजे से आठ बजकर तीस मिनट तक जीवंत परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिचर्चा में दैनिक भाष्कर के राज्य ब्यूरो प्रमुख अमरेन्द्र कुमार और केन्द्रीय विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के प्रमुख देवव्रत सिंह भाग लेंगे।

****************

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज झरिया और बाघमारा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। झारिया में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला।

श्री शाह के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गिरिडीह जिले के बगोदर में और देवरी में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री नड्डा ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इस दौरान लोगों को मोदी की गारंटी का भरोसा दिलाया।

****************

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां सिंदरी, टुंडी और गिरिडीह में सभा की, वहीं सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने रांची के ओरमांझी में हुंकार भरा। श्री सरमा ने कहा कि झारखंड का विधानसभा चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि इस बार झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार किया।

****************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी दौरे पर कल तीसरी बार झारखंड आ रहे हैं। वे देवघर के सारठ और गोड्डा जिले के सिकटिया में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

****************

उधर इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों ने भी दूसरे चरण में होनेवाले मतदान को लेकर आज खूब पसीना बहाया। झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टुंडी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री सोरेन ने भाजपा पर पलटवार करते हुए गरीबों की अनदेखी का आरोप लगाया।

झामुमो स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने भी जामताड़ा के फतेहपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेताओं पर लोगों बरगलाने का आरोप लगाया।

****************

बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय–इडी की टीम झारखंड और बंगाल के 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इडी रांची के बरियातू स्थित होटल स्काई लाइन, आश्वी डायग्नोसिस, बाली रिसॉर्ट और माउंटेन व्यू रिसोर्ट सहित छह ठिकानों पर तलाशी ले रही है। इसके अलावा पाकुड़ के पिरतल्ला में भी छापेमारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी के दौरान अब तक फर्जी आधार, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी, आभूषण, प्रिंटिंग पेपर, प्रिंटिंग मशीन और आधार बनाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले दस्तावेज सहित कई सामान बरामद किये गये हैं।

*******समाप्त*******